बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल

फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– ceo_bihar@eci.gov.in

पत्रांकः बी1–3–113/2019– 7821 पटना, दिनांक 18 नवम्बर, 2019 ई0।

प्रेषक,

एच०आर० श्रीनिवास,
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

सेवा में,

आयुक्त सारण प्रमंडल, छपरा–सह–
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र।

विषय :– **शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची तैयारी करने हेतु शैक्षणिक संस्थानों की सूची भेजने के संबंध में।**

प्रसंगः–
1) **इस कार्यालय का अधिसूचना संख्या बी1–3–113/2019–83 दिनांक 25.10.2019.**
2) **विभागीय पत्रांक–7549 दिनांक 28.10.2019, पत्रांक–7612 दिनांक 04.11.2019, पत्रांक–7699 दिनांक 08.11.2019 एवं पत्रांक–7794 दिनांक 15.11.2019.**
3) **सी०डब्लू०जे०सी० नं० /2019 (अरूण कुमार सिंह बनाम राज्य सरकार एवं अन्य)।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ किया जाये। उपर्युक्त प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से सूचित किया गया था कि बिहार विधान परिषद् के पटना, दरभंगा, तिरहुत एवं सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के आसन्न चुनाव के लिए उपर्युक्त निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक सूची की तैयारी किया जाना है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा–27(3)(ब) के तहत निर्गत अधिसूचना संख्या बी1–3–113/2019–83 दिनांक 25.10.2019 द्वारा अधिसूचित संस्थानों के अन्तर्गत पड़नेवाले माध्यमिक विद्यालय स्तर पर ऊपर के स्तर के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शोध संस्थानों की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था।

उक्त मामले में माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी०डब्लू०जे०सी० नं0 /2019 (अरूण कुमार सिंह बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) दाखिल किया गया है। इस वाद में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा एवं आरा के बी०एड० कॉलेजों की सूची उपलब्ध नहीं कराने का उल्लेख किया गया है।

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से सूची (बी०एड० कॉलेज सहित) अविलम्ब प्राप्त कर आज संध्या अपराह्न 04:00 बजे तक इस कार्यालय को भेजने की कृपा की जाये।

विश्वासभाजन

18/11

(एच० आर० श्रीनिवास)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

ज्ञापांक : बी1–3–113/2019– 7821 पटना, दिनांक 18 नवम्बर, 2019 ई0।

प्रतिलिपिः– कुलपति, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/11

(एच० आर० श्रीनिवास)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार